नेशनल स्कूल बॉयज़ बास्केटबॉल चैम्पियनशिप

चर्चा में क्यों?

हाल ही में हरियाणा के मुख्य सचिव ने गुरुग्राम में **'नेशनल स्कूल बॉयज़ बास्केटबॉल चैंपियनशिप'** का उद्घाटन किया।

मुख्य बिंदु:

- **67वीं राष्ट्रीय बास्केटबॉल चैंपियनशिप** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्त्वावधान में **27 अप्रैल से 30 अप्रैल, 2024** तक **गुरुग्राम के ताऊ देवी लाल स्टेडियम** में आयोजित की जा रही है।
- इस टूर्नामेंट में देशभर से **17 वर्ष से कम उम्र के लड़कों की कुल 44 टीमें हिस्सा** ले रही हैं।

स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया

- स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया(**SGFI**) की स्थापना वर्ष 1954 में हुई थी।
- इसे **खेल मंत्रालय** और **भारतीय ओलंपिक संघ** द्वारा मान्यता प्राप्त है।
- SGFI इंटरनेशनल स्कूल स्पोर्ट्स फेडरेशन और एशियन स्कूल स्पोर्ट्स फेडरेशन का एक सक्रिय सदस्य है।
- अपनी स्थापना के बाद से, SGFI **भारत के स्कूलों में खेलों के प्रचार और विकास के लिये कार्य** कर रहा है। यह भारत के स्कूलों में सभी खेलों का आधार है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/national-school-boys-basketball-championship